## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–02.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रांची को 558 करोड़ की सौगात, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी कल करेंगे रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण।**
2. **नयी दिल्ली में संसदीय केन्द्रीय समिति की बैठक में एचईसी के पुनरुद्धार का निर्णय, अधिक कार्यादेश देने पर जोर।**
3. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों के 18 हजार डेटोनेटर बरामद।**
4. **पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ली जानकारी, हर जरूरी चिकित्सा सुविधा दिलाने का दिया निर्देश।**
5. **राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में अगले पांच दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने जारी किया औरेंज अलर्ट।**

## समाचार विस्तार से

********************

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कल रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। मुख्य समारोह ओटीसी ग्राउंड में होगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। अपने झारखंड दौरे के क्रम में श्री गडकरी गढ़वा बाईपास का भी उदघाटन करेंगे। रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा है कि रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण एक सपना के पूरा होने जैसा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी के प्रति आभार जताया कि उन्होंने रांची को 558 करोड़ रुपये के इस फ्लाईओवर की सौगात दी है। श्री सेठ ने रांचीवासियों से इस कॉरिडोर को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने में सहयोग की अपील की।

********************

नई दिल्ली में एचईसी के पुनरुद्धार को लेकर उद्योग मामले की केंद्रीय संसदीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में पहली बार एचईसी के मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान एचईसी के पुनर्जीवित करने को लेकर काफी सकारात्मक बातें हुई। समिति के अध्यक्ष तिरुचि शिवा ने स्पष्ट कहा कि एचईसी को बंद नहीं किया जायेगा। बैठक में एचईसी को अधिक से अधिक कार्यदेश देने पर भी जोर दिया गया।

********************

हूल दिवस पर साहिबगंज के भोगनाडीह में हुए उपद्रव पर सियासत तेज हो गयी है। सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने आरोप लगाया है कि यह घटना भाजपा की साजिश का परिणाम है। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने जिन दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, उनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन का एक करीबी भी है। श्री पांडेय ने कहा कि जल्द पूरे मामले का खुलासा हो जायेगा।

इस बीच भाजपा ने इस घटना के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता लोबिन हेम्ब्रम ने कहा है कि घटना के दिन पुलिस द्वारा आदिवासी महिलाओं को भी पीटा गया। सरकार को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

********************

साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने पांचवीं पूरक चार्जशीट दायर की है। इसमें आठ नये व्यक्तियों और दो कार्पोरेट संस्थाओं में आरोपी बनाया गया है। इडी ने कोर्ट को बताया है कि पंकज मिश्रा के नेतृत्व में एक सिंडेकेट ने अवैध खनन, जबरन वसूली और अवैध खनिज परिवहन कर एक हजार करोड़ से ज्यादा की अवैध संपत्ति अर्जित की।

********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। टोंटो थाना क्षेत्र के हुसीपी जंगल से सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपा कर रखे करीब 18 हजार डेटोनेटर्स बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा के संयुक्त अभियान में यह बरामदगी हुई है। एसपी ने बताया कि इन डेटोनेटर्स को बम निरोधक दस्ते के द्वारा जंगल में ही नष्ट कर दिया गया।

********************

प्राइवेट अकादमी स्कूल और वेलफेयर एसोसिएशन, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने गोल इंस्टीट्यूट के निदेशक बिपिन कुमार सिंह के खिलाफ फर्जीवाड़ा, धोखाधड़ी और बच्चों को नन स्कूलिंग कराने के आरोप में डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके साथ ही फिटजी इंस्टीट्यूट के खिलाफ भी एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। बाद में पत्रकारो से बातचीत में श्री दुबे ने कहा कि ये संस्थाएं झारखंड में छात्रों से लाखों–करोड़ों रुपये लेकर धोखाधड़ी कर रहे हैं।

********************

डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए कई पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली है। श्री सोरेन ने श्री लकड़ा को सभी चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को दिया है। श्री लकड़ा गंभीरावस्था में रांची के एक अस्पताल में भर्ती हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कल शाम राज्य के मंत्री सुदिव्य कुमार ने अस्पताल जाकर उनका हाल चाल जाना और उनके परिवार को आश्वासन दिया कि इलाज में कोई कोताही नहीं की जाएगी।

********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में अगले पांच दिनों तक बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने आज पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड के ऊपर निम्न दवाब के कारण राज्यभर में बारिश हो रही है।

********************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

**रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रातू रोड एलिवेटेड कोरिडोर के कल होने वाले उदघाटन की खबर को प्रमुखता दी है।**

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है– गोड्डा में हथियार के साथ दो धराये, एसपी बोले– ये चंपाई के करीबी।**

**हिन्दुस्तान ने हाईकोर्ट के उस आदेश को प्रमुखता दी है, जिसमें कहा गया है कि आउटसोर्स कर्मियों को नियमित जैसा न्यूनतम वेतन दें।**

**प्रभात खबर लिखता है– जिले के 43 निजी विद्यालयों में एक भी गरीब बच्चे का नहीं लिया गया नामांकन।**

**दैनिक जागरण के शब्द हैं– शिबू सोरेन की सेहत में धीरे–धीरे सुधार।**

********************